कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार )
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय/ REGIONAL OFFICE,
पंचदीप भवन, सर्वोदय नगर, कानपुर-208005
PANCHDEEP BHAWAN, SARVODAYA NAGAR, KANPUR-208005
Phone: 0512-2217957
Email: rd-up@esic.nic.in

पत्र सं. 21-ए-36/11/6/2024-स्था.-। दिनांक-27-11-2024

# परिपत्र

**विषयः क.रा.बी.निगम में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सहायक/ प्रधान लिपिक, प्रवर श्रेणी लिपिक, अवर श्रेणी लिपिक, वैयक्तिक सहायक व स्टेनोग्राफर के पदों हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के आयोजन के संबंध में ।**

उपरोक्त विषयक भर्ती शाखा, मुख्यालय के पत्र सं. A-12023/5/2022-Exam (Comp No. 20385) दि. 22.11.2024 (प्रति संलग्न) के अनुक्रम में सभी संबंधित कार्मिकों को सूचित किया जाता है कि सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (LDCE) कोटा के अंतर्गत रिक्ति वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022, 2023, 2024 व 2025 के लिए सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, सहायक/ प्रधान लिपिक, प्र.श्रे.लि., अ.श्रे.लि. व वैयक्तिक सहायक के पद हेतु तथा रिक्ति वर्ष 2019, 2020 व 2021 (दि. 26.02.2021 तक) के लिए स्टेनोग्राफर पद हेतु सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है ।

परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु पात्रता, परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम, परीक्षा आयोजित कराने व परिणाम के संबंध में दशाएँ व शर्तें मुख्यालय के पत्र सं. A-12023/5/2022-Exam (Comp No. 20385) दि. 22.11.2024 के अनुसार होंगी । अतः सभी आवेदकों को यह सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व उपरोक्त पत्र का अवलोकन करना सुनिश्चित करें ।

अतः सभी इच्छुक पात्र कर्मचारी संलग्न प्रोफार्मा में भरकर पासपोर्ट साइज के दो फ़ोटो के साथ अपने आवेदन अपने नियंत्रण अधिकारी से अग्रसारित कराकर ई-मेल द्वारा दि.05-12-24तक अनिवार्य रूप से स्थापना-। शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर को अवश्य प्रेषित कर दें तथा आवेदन की हार्डकापी स्पीड पोस्ट द्वारा भी अवश्य प्रेषित करें । उपरोक्त तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा ।

नियंत्रण अधिकारी कृपया आवेदन अग्रसारित करने से पूर्व आवेदन की पात्रता/ अहर्ता तथा Vacancy Year (जिसके लिए अभ्यर्थी पात्र है) इत्यादि की भली-भांति जाँच करने के उपरान्त स्थापना-। शाखा को ई-मेल anita.suresh@esic.nic.in तथा alokk.rai@esic.nic.in पर निर्धारित तिथि तक या उससे पूर्व प्रेषित करें । यदि ऐसे आवेदनों में कोई त्रुटि पायी जाती है, तो आवेदन निरस्त किया जा सकता है, जिसके उत्तरदायी स्वयं आवेदक/ नियंत्रण अधिकारी होंगे ।

यह परिपत्र क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) महोदय के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है ।

संलग्नकः यथोपरि ।

Signed by Anita Suresh
Date: 27-11-2024 16:40:32

(अनिता सुरेश)

उप निदेशक (स्थापना-।)

प्रतिलिपिः-

1. क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) महोदय के निजी सचिव, निची सचिव अनुभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ ।
2. उप निदेशक (प्रभारी), उप क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, नोएडा/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
3. चिकित्सा अधीक्षक, क.रा.बी. निगम अस्पताल, जाजमऊ, कानपुर/ बरेली/ लखनऊ/ वाराणसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।
4. समस्त शाखाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

5. क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के अधीन समस्त शाखा कार्यालय/औषधालय सह शाखा कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु ।

1. शाखाधिकारी, आई.टी. शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इस परिपत्र को वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें ।

2. क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, कानपुर के सभी नोटिस बोर्ड ।